भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 19.10.2023

आरेडिका में अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, में दिनांक 19.10.2023 को रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री आर.के. मंगला ने आरेडिका का दौरा किया। आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा ने आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ श्री मंगला को महाप्रबंधक सभागार में आरेडिका के कोच उत्पादन एवं निर्माण तकनीक के संबंध में आरेडिका पर बनी कॉपरेट मूवी एवं प्रजेण्टेशन के माध्यम से जानकारी दी।

इसी कड़ी में अपर सदस्य श्री मंगला ने फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री का दौरा किया और फोर्ज्ड व्हील फैक्ट्री की अवसंरचना एवं क्रिया कलापों को समझा। व्हील फैक्ट्री के अधिकारियों ने कच्चे माल से लेकर फोर्ज्ड व्हीलों के निर्माण के सभी चरणों के बारे में जानकारी दी।

अपर सदस्य महोदय ने रेल पहिया की सप्लाई चैन को प्रभावी बनाने के उपायों की चर्चा हेतु रेल व्हीलों की गुणवत्ता संबंधित मानकों का निरीक्षण किया एवं आरेडिका के उच्च अधिकारियों के साथ विचार विमर्श किया, जिससे यात्रियों की सफल एवं सुरक्षित यात्रा के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री एस.एस.कलसी, सीएओ श्री संजय कुमार कटियार, सीपीएलई रूपेश श्रीवास्तव, पीसीईई श्री हरीश चन्द्र, सीडीई श्री डीके सिंह, पीसीएससी श्री रमेश चन्द्रा सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

19/10/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी